No of Printed pages: 4

**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM I EXAMINATION (2023-24)**
**SUBJECT: HINDI**

**CLASS: VII** **MAX. MARKS:80**
**DATE : 19/09/2023** **TIME: 3 HOURS**

---

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं –'क,'ख','ग'और 'घ'।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए।
- इस प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए।

---

## खंड 'क' (अपठित गद्यांश )

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X10)

रेलवे स्टेशन पर मेरे मित्र शुभम जी का बड़ा लड़का दीनानाथ मुझे लेने आया था। उसे अपनी पढ़ाई पूरी किए दो-वर्ष हो गए थे फिर भी वह नौकरी की तलाश में भटक रहा था। मैंने पूछा- "अब तो जगह-जगह रोज़गार कार्यालय खुल गए हैं, उनकी सहायता क्यों नहीं लेते ?" कहने लगा ," चाचा जी वहाँ भी गया था।" उसने कहा कि पूरे दिन लाइन में खड़ा रहने पर जब उसकी बारी आई तो अफ़सर बोला ,'भाई! नाम तो तुम्हारा लिख लेता हूँ पर तुम्हारी तरह के हज़ारों व्यक्ति पहले से इस कार्यालय में नाम दर्ज करा चुके हैं।' मैं सोचने लगा जब एक छोटे शहर का यह हाल है तो पूरे देश में कितनी बेरोज़गारी होगी ? घर पहुँचा तो छोटे-से मकान में सामान की ठूसमठास और बच्चों की भीड़ देखकर मेरा दम घुटने लगा। दीनानाथ के पिता ने बताया कि वे बड़े मकान की तलाश कर रहे हैं। आर्थिक स्थित कमज़ोर होने के कारण वे मज़बूरी में उस छोटे-से मकान में रह रहे हैं।

(i) दीनानाथ की बात सुनकर अफ़सर ने क्या कहा ?

(ii) लेखक ने दीनानाथ से क्या पूछा ?

(iii) मित्र के घर पहुँचकर लेखक का दम क्यों घुटने लगा था ?

(iv) " चाचा जी वहाँ भी गया था। " यह कथन किसने ,किससे कहा ?

(v) लेखक क्या सोचने लगे ?

(vi) <u>खोज</u> शब्द का समानार्थी शब्द उक्त गद्यांश में से चुनकर लिखिए।

(vii) छोटे मकान में रहने का क्या कारण था ?

(viii) शुभम जी का बड़ा लड़का लेखक को आदर से क्या कहता था ?

(ix) <u>अफ़सर</u> का वचन पहचानकर लिखिए।

(x) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

## खंड 'ख' ( व्याकरण )

प्रश्न 2. निम्नलिखित शब्द के लिए उचित विलोम शब्द वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

पूर्व

(क) दक्षिण (ख) उत्तर (ग) पश्चिम (घ) पहले

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्द के लिए उचित पर्यायवाची वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

मछली

(क) मीन, मकर (ख) मीन, मगरमच्छ (ग) मक्खी, मीनन (घ) मीन, मकड़ी

प्रश्न 4. निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित लिंग परिवर्तन वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (4)

(i) जेठानी

(क) जैत (ग) जेठा

(ख) जेठ (घ) जेत

(ii) धनवान

(क) घन (ग) धनवती

(ख) धनावती (घ) धनी

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए उचित लिंग वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

अनिल ने अपने ................और .................को प्रणाम किया।

(क) शिक्षका , शिक्षिकी (ग) शिक्षका , शिक्षिका

(ख) शिक्ष , शिक्षिका (घ) शिक्षक , शिक्षिका

(iv) निम्नलिखित वाक्य के लिए उचित लिंग परिवर्तन वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

उस बालक ने कहानी याद कर ली।

(क) उस बालिका ने कहानी याद कर ली । (ग) उस लड़की ने कहानी याद कर ली।

(ख) उस वालका ने कहानी याद कर ली । (घ) उस बालि ने कहानी याद कर ली ।

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित वचन परिवर्तन वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (4)

(i) सब्ज़ी

(क) सब्जियाँ (ग) सब्जि

(ख) सब्जिएँ (घ) सब्जीया

(ii) गाड़ी

(क) गाड़िया (ग) गाढ़ी

(ख)गाडीयाँ (घ) गाड़ियाँ

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थानों के लिए उचित वचन वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

वह अपनी .............जैसी ............अपने मित्रों के लिए भी लाया।

(क) टोपियाँ , तोपी (ग) टोपे , टोपीयाँ

(ख) टोपी , टोपियाँ (घ) टोपि , टोपीया

(iv) निम्नलिखित वाक्य के लिए उचित वचन परिवर्तन वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

शरद ने दुकान से किताब खरीदी।

(क) शरद ने दुकान से किताब खरीदा । (ग) शरद ने दुकान से किताबे खरीदी।

(ख) शरद ने दुकान से किताबों खरीदी । (घ) शरद ने दुकानों से किताबें खरीदीं ।

प्रश्न 6. (i) निम्नलिखित वाक्यों के लिए उचित सकर्मक क्रिया वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (4)

(क) मालिन फल लाई। (ग) गुनन तेज़ चलता है।
(ख) हाथी जंगल में है। (घ) तोता उड़ता है।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों के लिए उचित अकर्मक क्रिया वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

(क) गाय घास खाती है। (ग) रानी गाना गाती है।
(ख) संसद भवन दिल्ली में है। (घ) राजू पत्र लिखता है।

(iii) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान के लिए सकर्मक क्रिया वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

मुकुंद ...........................

(क) सेब खाता है। (ग) धीरे खाता है।
(ख) सोता है। (घ) लिखता है।

(iv) निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान के लिए अकर्मक क्रिया वाला विकल्प कौन-सा होगा ?

वह वहाँ ........................... ।

(क) सामान रखती है। (ग) देर से पहुँची।
(ख) बच्चे को घुमाने के लिए गई। (घ) नाटक देखने लगी।

प्रश्न 7. निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों के शुद्ध वाक्य लिखिए : (4)

(क) वह लड़का खाना खाकर के सो गया। (ग) मेरे को कुर्सी चाहिए।
(ख) उसे केवल एक कंगन मात्र चाहिए। (घ) रोहन आप वहाँ बैठो।

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध वर्तनी रूप लिखिए : (2)

(क) रिशि (ख) सन्गीत (ग) उशा (घ) प्रातह

## <u>खंड ‘ ग ’ ( साहित्य )</u>

प्रश्न 9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X8)

दोनों अपने हाथी-घोड़े लेकर घरभर में उछलने लगे। इन बच्चों की माँ रोहिणी कुछ देर तक खड़े-खड़े उनका खेल निरखती रही। अंत में दोनों बच्चों को बुलाकर उसने पूछा –“ अरे ओ चुन्नू- मुन्नू ,ये खिलौने तुमने कितने में लिए हैं ? ”

मुन्नू बोला – “ दो पैछे में। खिलौनेवाला दे गया ऐ।”

रोहिणी सोचने लगी – इतने सस्ते कैसे दे गया है ? कैसे दे गया है, यह तो वही जाने। लेकिन दे तो गया है , इतना तो निश्चय है।

एक ज़रा सी बात ठहरी। रोहिणी अपने काम में लग गई। फिर कभी उसे इस पर विचार करने की आवश्यकता भी भला क्यों पड़ती !

प्रश्न

(i) <u>देखती</u> शब्द का समानार्थी शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए।
(ii) रोहिणी के बच्चे क्या करने लगे ?
(iii) रोहिणी क्या करती रही ?
(iv) दोनों बच्चों को बुलाकर उसने क्या पूछा ?
(v) मुन्नू ने खिलौने की क्या कीमत बताई ?
(vi) रोहिणी क्या सोचने लगी ?
(vii) उक्त गद्यांश के पाठ के लेखक के लेखक का नाम लिखिए।

(viii) कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए :

कथन (A) : रोहिणी अपने काम में लग गई।

कारण (R) : क्योंकि वह आलसी थी।

विकल्प : (i) कथन (A)और कारण (R) दोनों सही हैं। (iii) कथन (A) सही और कारण (R) गलत है।

(ii) कथन (A)और कारण (R) दोनों गलत हैं। (iv) कारण (R) सही और कथन (A) गलत है।

प्रश्न 10. निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (10)

(क) लाल ताऊ के कोई दो गुण लिखिए।
(ख) शाम – एक किसान कविता में किसे अँगीठी बताया गया है और क्यों ?
(ग) मिठाईवाले की मिठाइयों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।
(घ) सभी पात्र मिलकर भी लड़की को उसके घर क्यों नहीं पहुँचा पा रहे थे ?
(ङ) शाम – एक किसान कविता में कवि ने पहाड़ और अंधकार की तुलना किस-किस से की है ?
(च) रहीम के दोहे में सच्चे मित्र की क्या पहचान बताई गई है ?

प्रश्न 11. निम्नलिखित में से **किन्हीं चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (12)

(क) पापा खो गए एकांकी से हमें क्या शिक्षा मिलती है ?
(ख) शाम–एक किसान कविता में चित्रित शाम और सूर्यास्त के दृश्य का चित्रण कीजिए।
(ग) मिठाईवाला अलग-अलग चीज़ें क्यों बेचता था और वह महीनों बाद क्यों आता था ?
(घ) पापा खो गए एकांकी में आपको सबसे बुद्धिमान पात्र कौन लगा और क्यों ?
(ङ) मछली के उदाहरण द्वारा रहीम जी क्या संदेश देना चाहते हैं ?

प्रश्न 12. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (5)

(i) प्रेक्षक (ii) झेलना (iii) औंधी (iv) छोह (v) प्रतिष्ठित

प्रश्न 13. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (5)

(i) जाल (ii) सड़क (iii) चादर (iv) मोर (v) शहर

## खंड 'घ'

प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर लगभग 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (5)

(क) कंप्यूटर पर खेलों से होने वाले दुष्परिणाम

संकेत बिंदु : (i) विज्ञान की खोज (ii) दुष्परिणाम (iii) प्रयोग में सावधानियाँ।

(ख) प्रातःकाल की सैर

संकेत बिंदु : (i) जीवन में सैर का महत्त्व (ii) स्वास्थ्य पर प्रभाव (iii) विशेषताएँ।

(ग) परिश्रम : सफलता की सीढ़ी

संकेत बिंदु : (i) अर्थ (ii) उदाहरण (iii) सीख।

प्रश्न 15. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** विषय पर पत्र लिखिए : (5)

(क) अपने प्रिय टी० वी० कार्यक्रम (शो) के बारे में बताते हुए अपने भाई को पत्र लिखिए।

(ख) अपने विद्यालय की प्रधानाचार्या को विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी कहानियों की कुछ और पुस्तकें मँगवाने का निवेदन करते हुए पत्र लिखिए।

........................